अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इतिहास विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी का जीवन दर्शन और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी का योगदान विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई. इस प्रतियोगिता में ग्रीस, अमेरिका, इंग्लैंड, इराक, इजिप्ट, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, एवं जॉर्डन में निवासरत भारतीय मूल के नागरिकों के साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों के कुल 2168 प्रतिभागियों के द्वारा सहभागिता की गई. प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों को आचरण में उतारने और विपत्ति के समय एकजुट होकर संगठित प्रयास से देश के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया. प्रतियोगिता के संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शितेष जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में सहभागिता से अधिक महात्मा गांधी के जीवन दर्शन और संघर्ष को जानने की जिज्ञासा के कारण भारत ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इतिहास विभाग को काफी सराहना प्राप्त हुई है. इस प्रतियोगिता में 50% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट जारी किए गए. इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पूजा शर्मा ने बताया कि गांधीवादी दर्शन का उद्देश्य सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के अनुसार व्यक्ति और समाज को एक साथ सकारात्मक दिशा में आगे ले जाना है. महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक एवं अनुकरणीय हैं.

**नईदुनिया 08.10.2020**

### गांधीजी के आचरण को अपनाने की जरूरत

**शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय में हुई प्रश्नोत्तरी स्पर्धा**

**करगीरोड-कोटा (नईदुनिया न्यूज)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों को आचरण में उतारने और विपत्ति के समय एकजुट होकर संगठित प्रयास से देश के प्रति अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए स्वयंसेवक सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इतिहास विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी का जीवन दर्शन और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान विषय पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कही।

उन्होंने कहा आज के समय में गांधी के विचार और दर्शन प्रासंगिक है। उन्होंने त्याग का अनुशीलन किया। इस प्रकार के आयोजन को सराहा। कालेज में आयोजित स्पर्धा में ग्रीस, अमेरिका, इंग्लैंड, इराक, इजिप्ट, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब ,जार्डन में निवासरत भारतीय मूल के लोगों के साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों के कुल 2168 प्रतिभागियों ने सहभागिता की गई। प्रतियोगिता के संयोजक एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शितेष जैन ने बताया कि स्पर्धा में सहभागिता से अधिक बापू के जीवन दर्शन और संघर्ष को जानने की जिज्ञासा के कारण भारत ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की एनएसएस इकाई एवं इतिहास विभाग को काफी सराहना प्राप्त हुई है। एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में पचास प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट जारी किए गए। इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. पूजा शर्मा ने बताया कि गांधीवादी दर्शन का उद्देश्य सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के अनुसार व्यक्ति और समाज को एक साथ सकारात्मक दिशा में आगे ले जाना है। महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व इतिहास विभाग के तत्वावधान में 11 फरवरी को आधुनिक भारत के निर्माण की अंतर्दृष्टि : गांधी-सुभाष के दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा बाल यौन शोषण जागरूकता के लिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आनलाइन कार्यशाला आयोजित किया गया था। इसमें देश-विदेश के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों ने भाग लिया था। पीओ जैन ने बताया कोरोना महामारी और विभीषिका के बीच महाविद्यालय सामाजिक चेतना और जागरूकता के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।

**DATE : 02.10.2020**

**MAHATMA GANDHI & SHASTRI JAYANTI AND CLEANLINESS PROGRAMME**

**(महात्मा गांधी एवं शास्त्री जयंती तथा स्वच्छता कार्यक्रम)**












**DATE : 02.10.2020**


**PLASTIC FREE CAMPUS: CLEANLINESS & AWARENESS PROGRAMME**

**(प्लास्टिक मुक्त परिसर हेतु स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम)**



**DATE : 02.10.2020**
**MAHATMA GANDHI & SHASTRI JAYANTI**
**(महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती)**



**DATE : 03.10.2020**

**AWARENESS PROGRAMME ON DEADDICTION**

**(नशा मुक्ति हेतु जागरूकता कार्यक्रम)**



**DATE : 04.10.2020**

**FELICITATION AND PRIZE DISTRIBUTION PROGRAMME**

**FOR CORONA WARRIORS**

**(कोरोना योद्धाओं का सम्मान पुरस्कार वितरण कार्यक्रम)**









**DATE : 04.10.2020**

# FELICITATION AND PRIZE DISTRIBUTION PROGRAMME FOR CORONA WARRIORS

**(कोरोना योद्धाओं का सम्मान पुरस्कार वितरण कार्यक्रम)**




## उत्कृष्ट सेवा करने वाले कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

**नईदुनिया 07.10.2020**



**कोटा।** उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले स्वयंसेवक ● **नईदुनिया**

**करगीरोड-कोटा (नईदुनिया न्यूज)।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध कोटा की सभी राष्ट्रीय योजना इकाइयों और डा. सीवी रामन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्ततत्वावधान में कोरोना से बचाव के लिए उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने वैश्विक महामारी के इस संकटकाल में स्वयंसेवकों और कोरोना योद्धाओं के द्वारा किए गए जनजागरूकता कार्यों के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि कोरोना संकट ने पूरी दुनिया को जीवनशैली बदलने पर मजबूर कर दिया है। मास्क और फिजिकल डिस्टेंसिंग जीवन के अनिवार्य अंग हो गए हैं। डा. सीवी. रामन विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने कहा कोरोना से बचाव ही इसकी दवा है। यह अभियान कोरोना के विरुद्ध एक शुरुआत है। इसके पहले भी विश्व में अनेक महामारी आई है।

हमने सम्मिलित प्रयास से पूरी तरह से उन पर विजय प्राप्त की है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जयशंकर यादव ने सभी को शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा के लिए सतर्क और स्वच्छ रहने का संदेश देते हुए कोरोना को समाप्त करने के लिए सरकार के द्वारा जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए प्रेरित किया। पीओ शितेष जैन ने बताया कि स्वयंसेवक एक अनुशासित सिपाही की तरह देश के लिए कर्त्तव्य निभा रहे हैं।

स्वयंसेवक गरिमा देवानी, प्रिन्सी देवानी को कोरोना संकट के प्रारंभिक समय में स्वेच्छा से नि:शुल्क 1500 मास्क की सिलाई एवं मास्क वितरण के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मनीष गंधर्व, सत्येंद्र खुंटे, लोकेंद्र साहू, कीर्ति गोस्वामी लिए सम्मानित किया गया।

## कोटा की एनएसएस इकाई ने कोरोना वारियर्स का किया सम्मान

**पत्रिका 07.10.2020**

**कोटा@ पत्रिका.** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध कोटा की सभी राष्ट्रीय योजना इकाइयों और डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कोरोना वायरस से बचाव के लिए विगत 15 दिनों से संचालित सामूहिक जनजागरूकता पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में उत्कृष्ट सेवा कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बीएल काशी ने वैश्विक महामारी के इस संकटकाल में स्वयंसेवकों और कोरोना वारियर्स के द्वारा किए गए जनजागरूकता कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। कोरोना संकट ने पूरी दुनिया को जीवनशैली बदलने पर मजबूर कर दिया है। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग हमारे जीवन के अनिवार्य अंग हो गए हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि कोरोना से बचाव ही इसकी दवा है। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जय शंकर यादव ने सभी को शारीरिक एवं मानसिक सुरक्षा के लिए सतर्क और स्वच्छ रहने का संदेश देते हुए दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि हम सब स्वयंसेवक एक अनुशासित सिपाही की तरह देश के लिए अपना कर्त्तव्य निभा रहे हैं।

इस मौके पर मास्क वितरण, रक्तदान, स्वच्छता कार्य, फिट इंडिया कार्यक्रम, संतुलित पोषण आहार के लिये ऑनलाइन वेबीनार आदि विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रदान की।

### इनका किया गया सम्मान

शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की स्वयंसेवक गरिमा देवानी एवं प्रिन्सी देवानी को कोरोना संकट के प्रारंभिक समय में बाजार में मास्क अनुपलब्ध होने की स्थिति में स्वेच्छा से नि:शुल्क 1500 मास्क की सिलाई एवं मास्क वितरण के सेवा कार्य के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।. इसके अतिरिक्त स्वयंसेवक मनीष गंधर्व, सत्येंद्र खुंटे, लोकेन्द्र साहू, कीर्ति गोस्वामी को रक्तदान, स्वच्छता, जागरूकता एवं रोगियों की सेवा के लिए किए गए विभिन्न कार्यों के लिए सम्मानित किया

**DATE : 27.10.2020 - 02.11.2020**

**VIGILANCE AWARENESS WEEK**

**(सतर्कता जागरूकता सप्ताह)**






नवभारत Bilaspur Main - 03 Nov 2020 - 03bsp9

# समृद्ध भारत के निर्माण के लिए सत्यनिष्ठा और कर्मठता जरूरी

## निरंजन केशरवानी कॉलेज में मनाया गया सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**करगीरोड कोटा.** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय योजना इकाई के द्वारा केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देश के अनुसार 27 अक्टूबर से 02 नवंबर तक सतर्क भारत, समृद्ध भारत की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया. प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत सरकार के समृद्ध भारत निर्माण के दृष्टिकोण के अनुरूप देश के अग्रणी सत्यनिष्ठ संस्थान केन्द्रीय सतर्कता आयोग का यह प्रयास है कि लोगों के बीच सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित किया जाए. उन्होंने सभी से सामाजिक जीवन व कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व सत्यनिष्ठा का पालन करने का आवहान किया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को वैश्विक महामारी कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई. राजनीतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जे. के. द्विवेदी ने बताया कि भ्रष्टाचार से राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, वातावरण, लोगों के स्वास्थ्य आदि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है. अतः यह आवश्यक है कि लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए और उन्हें भ्रष्टाचार मिटाने का प्रयास करने हेतु प्रेरित भी किया जाए. कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने सभी से अनुशासित सिपाही की तरह ईमानदारी और सतर्कता के साथ कार्य करते हुए समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान करने की अपील की. उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता को बढ़ावा देने के लिए तथा देश के लिए समर्पण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जाता है. सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए समझदारी से किया गया सामूहिक प्रयास ही हमारी संस्था, समाज और देश को सर्वोच्च शिखर पर पहुँचा सकता है. इस सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम में कोटा के रासेयो इकाई के स्वयंसेवकों सुहानी जायसवाल, धीरेन्द्र, मनीष गंधर्व, मोहन वैष्णव, प्रकाश कौशिक, अजय मानिकपुरी तथा प्रियंका नापित की सक्रिय सहभागिता रही. इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं रासेयो इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे.



# समृद्ध भारत बनाने आगे आएं युवा

**करगीरोड-कोटा (नईदुनिया न्यूज)।** निरंजन केशरवानी कालेज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. वीएल काशी ने युवाओं को समृद्ध भारत बनाने की दिशा में आगे आने की बात कही।

उन्होंने कहा ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लें। भारत सरकार के समृद्ध भारत निर्माण के दृष्टिकोण के अनुरूप देश की अग्रणी सत्यनिष्ठ संस्थान केंद्रीय सतर्कता आयोग का प्रयास है कि लोगों के बीच सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने सभी से सामाजिक जीवन व कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता व सत्यनिष्ठा का पालन करने का आह्वान किया, और महाविद्यालय के सप्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को वैश्विक महामारी कोरोना के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। राजनीति शास्त्र विभाग के

कोटा। ईमानदारी से कार्य करने की शपथ लेते छात्र और प्राध्यापक ● नईदुनिया

विभागाध्यक्ष डा. जेके द्विवेदी ने बताया कि भ्रष्टाचार से राजनीतिक विकास, लोकतंत्र, आर्थिक विकास, वातावरण, लोगों के स्वास्थ्य आदि पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। आवश्यक है कि लोगों को इस बारे में जागरूक किया जाए। कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने सभी से अनुशासित सिपाही की तरह ईमानदारी और सतर्कता के साथ कार्य करते हुए समृद्ध भारत के निर्माण में योगदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि नागरिक भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में अखंडता को बढ़ावा देने के लिए तथा देश के लिए समर्पण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए प्रतिवर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जाता है। सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए समझदारी से किया गया सामूहिक प्रयास ही हमारी संस्था, समाज और देश को सर्वोच्च शिखर पर पहुंचा सकता है। कार्यक्रम में कोटा के रासेयो इकाई के स्वयंसेवक सुहानी जायसवाल, धीरेंद्र, मनीष गंधर्व, मोहन वैष्णव, प्रकाश कौशिक, अजय मानिकपुरी तथा प्रियंका नापित की सहभागिता रही। इस अवसर पर प्राध्यापक, कर्मचारी एवं रासेयो इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**DATE : 03.11.2020**

**CLEANLINESS CAMPAIGN: COLLEGE CAMPUS AND VILLAGE-AMNE**

**(स्वच्छता अभियान: महाविद्यालय परिसर एवं ग्राम-अमने)**



DATE : 07.11.2020-16.11.2020

**AWARENESS PROGRAMME FOR INTELLECTUAL AND MENTAL DEVELOPMENT OF CHILDREN**

**(बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास के लिए जागरूकता कार्यक्रम)**









**DATE : 27.11.2021**

**GREEN INDIA CLEAN INDIA : CLEANNESS DRIVE**

**(ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया : स्वच्छता कार्यक्रम)**




**DATE : 21.12.2020**

**COVID-19 AWARENESS PROGRAMME & POSTER COMPETITION**

**(कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम एवं पोस्टर प्रतियोगिता)**



**DATE : 02.01.2021**

**ONLINE WEBINAR ON CAREER GUIDANCE , GRAPHOLOGY AND HANDWRITING ANALYSIS**

**(कैरियर गाइडेंस, ग्राफ़ोलॉजी एवं हैंडराईटिंग एनालिसिस ऑनलाइन वेबिनार)**



**नवभारत** छत्तीसगढ़ • ओडिशा Bilaspur Main - 05 Jan 2021 - 05bsp7

# जीवन की बेहतरी के लिए कुशलता आवश्यक : सुराना

• नवभारत रिपोर्टर. | करगीरोड कोटा.
www.navabharat.news



केशरवानी कॉलेज में करियर गाइडेंस और ग्राफोलॉजी पर वेबिनार

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा के वाणिज्य विभाग, अंग्रेजी विभाग एवं आइक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस और ग्राफोलॉजी विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ग्राफो गीक स्कूल ऑफ स्किल लर्निंग के संस्थापक और मेंटर अधिराज सुराणा ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की बेहतरी के लिए कुशलता आवश्यक है और हैंडराइटिंग किसी भी शख्स के व्यक्तित्व का आइना है. ग्राफोलॉजी एक ऐसी तकनीक है जिसमें लोगों की लिखावट के आधार पर उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली का पता लगाया जा सकता है. इसी के आधार पर लोगों के भावनात्मक स्तर, कमजोरी, मजबूती, पसंद और नापंसदी का भी पता चलता है. ग्राफोलॉजी में किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर, लिखने का अंदाज, शब्दों के बीच के गैप, झुकाव के पैटर्न और हस्ताक्षर का अध्ययन करके मनोवैज्ञानिक विश्लेषण किया जाता है. प्राचार्य प्रो. बी.एल. काशी ने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी हमेशा सीखना चाहता है और नियमित अभ्यास के द्वारा वह अपनी मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास कर सकता है. कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक शितेष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों में आत्म प्रेरणा एवं प्रभावी संचार के गुणों के साथ उनके कौशल एवं समग्र व्यक्तित्व के विकास के लिए यह ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया. इस वेबिनार में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के कुल 98 विद्यार्थी तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे. कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सोनल अग्रवाल, प्रिंसी देवानी, वर्षा, जान्हवी, कैलाश, मनजीत, लक्ष, शिवम, दीपक, प्रगति एवं प्रियंका नापित की सक्रिय सहभागिता रही.

**DATE : 10.01.2021**

**CYBER SECURITY AND FINANCIAL AWARENESS PROGRAMME**

**(साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम)**

**वेबिनार** **शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज में वित्तीय साक्षरता पर दी गई जानकारी**

# जीवन की सुरक्षा के लिए बचत और सही निवेश आवश्यक

**नई दुनिया 11.01.21**

**करगीरोड-कोटा(नईदुनिया न्यूज)।** शासकीय निरंजन केशरवानी कालेज में वित्तीय साक्षरता जागरूकता विषय पर आनलाइन वेबिनार बांबे स्टाक एक्सचेंज, पगडंडी एजुसोल प्राइवेट लिमिटेड, शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आनलाइन डिजीटल प्लेटफार्म में आयोजित किया गया। इसमेंसीए हेमराज जोशी ने जीवन की सुरक्षा के लिए बचत एवं सही निवेश आवश्यक बताया।

एनआइएसएम के फाइनेंशियल एजुकेशनल ट्रेनर मोहम्मद जफरूद्दीन के द्वारा विद्यार्थियों को बचत, निवेश, बैंकिंग प्रणाली और शेयर बाजार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारिया प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सीए हेमराज जोशी ने विद्यार्थियों से बचत एवं सही निवेश की आवश्यकता घझ विभिन्न पहलुओं पर बल देते हुए बताया कि कोरोना महामारी के काल में परिवार की आर्थिक सुरक्षा, भविष्य की बेहतरी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए जिस रकम की जरूरत होगी वह कहां से प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय योजना बनाने के लिए सबसे पहले अपने लक्ष्य को स्थापित करना होगा। साथ ही उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों से किसी भी प्रलोभन या लालच में नहीं आते हुए धोखाधड़ी एवं ठगी से किस प्रकार से बचा जा सकता है। इस पर भी चर्चा की और उनके विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया। मोहम्मद जफरूद्दीन ने शासन की विभिन्न जमा योजनाओं, बैंक एवं पोस्ट आफिस के फिक्स्ड डिपाजिट, रिकरिंग डिपाजिट, पीपीएफ, म्युच्युअल फंड एवं शेयर मार्केट की जानकारी के साथ ही निवेशकों की सुरक्षा तथा हितों को लेकर सेबी द्वारा लागू किए जा रहे नियमों तथा पहलुओं की भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि किसी भी व्यक्ति को सेबी एवं भारत सरकार से पंजीकृत वित्तीय संस्थान में ही निवेश करना चाहिए।कार्यक्रम के संयोजक वाणिज्य विभाग के प्रो. शितेष जैन ने बताया कि विद्यार्थी ही हमारे देश के भविष्य हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता के साथ ही निवेशकों के हितों की सुरक्षा करना है। इससे कि वे अपने भविष्य की आर्थिक–सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सभी विकल्पों का चयन अच्छी तरह से समझ बूझ के साथ कर सकें और वित्तीय लेन–देन के मामले में धोखाधड़ी से बच सकें। इस वेबिनार में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के कुल 104 विद्यार्थी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सुरुचि श्रीवास, भूपेंद्र, योगेश, यश अग्रवाल, डिकेश्वरी, शिवम, सोनल, प्रिंसी देवानी, वर्षा, जान्हवी, कैलाश, दीपक एवं प्रगति की सक्रिय सहभागिता रही।

प्राचार्य प्रो वीएल काशी ने बताया कि शिक्षा के प्रसार के साथ ही वित्तीय साक्षरता का होना भी आवश्यक है। विद्यार्थियों को पता होना चाहिए कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भविष्य में कितने वित्त की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों से संयमित आचरण करते हुए अनुशासित तरीके से परिवार की आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुरक्षा के लिए बचत एवं निवेश की भावना को अपने को आदत में लाने की बात कही।

◆◆◆◆◆◆◆◆◆◆

**DATE : 20.01.2021**
**SVEEP : RANGOLI COMPETITION**
**<u>(स्वीप: रंगोली प्रतियोगिता)</u>**












# DATE : 21.01.2020
# SVEEP : POSTER COMPETITION
# (स्वीप : पोस्टर प्रतियोगिता)





















**DATE : 21.01.2020**

**SVEEP : POSTER COMPETITION**

**(स्वीप : पोस्टर प्रतियोगिता)**

















**DATE : 22.01.2021**


**SVEEP : SLOGAN WRITING COMPETITION**


**(स्वीप: स्लोगन लेखन प्रतियोगिता)**













**DATE : 23.01.2021**


**SVEEP : ESSAY COMPETITION**

**(स्वीप: निबंध प्रतियोगिता)**


















**DATE : 25.01.2021**

**NATIONAL VOTERS DAY**

**(राष्ट्रीय मतदाता दिवस)**















**DATE : 26.01.2021**

**REPUBLIC DAY**

**(गणतंत्र दिवस)**















**DATE : 10.02.2021**

**EK BHARAT SHRESHTH BHARAT : LECTURE**

**(एक भारत श्रेष्ठ भारत : व्याख्यान)**






**DATE : 12.02.2021**

**EK BHARAT SHRESHTH BHARAT : SPEECH COMPETITION**

**<u>(एक भारत श्रेष्ठ भारत : भाषण प्रतियोगिता)</u>**









**DATE : 06.03.2021**

**AWARENESS WORKSHOP CUM TRAINING FOCUSED ON TRANSGENDER PERSONS**

**(उभयलिंगी व्यक्तियों पर केन्द्रित जागरूकता कार्यशाला सह प्रशिक्षण)**



**DATE : 27.03.2021**

**CLEANLINESS DRIVE OF THE COLLEGE CAMPUS**

**<u>(महाविद्यालय परिसर की सफाई)</u>**



**DATE : 10.04.2021**

**NSS B-CERTIFICATE EXAMINATION 2020-21**

**(राष्ट्रीय सेवा योजना बी-प्रमाण पत्र परीक्षा सत्र 2020-21)**





# निरंजन केशरवानी कॉलेज में बी-प्रमाण पत्र परीक्षा संपन्न

बिलासपुर( अमर छत्तीसगढ़) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की बी-प्रमाण पत्र की पात्रता के लिए परीक्षा आयोजित हुई. शासन की कोविड-19 की गाइडलाइन के अनुसार डॉ. मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर एवं डॉ. संजय तिवारी जिला संगठक बिलासपुर के मार्गदर्शन में ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस परीक्षा में 28 स्वयंसेवक सम्मिलित हुए. इस परीक्षा में शासकीय डी.के.पी. उ.मा. विद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी शिवशंकर नामदेव बाह्य परीक्षक के रूप में एवं कार्यक्रम अधिकारी विक्रम धर दीवान सह-परीक्षक के रूप में उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन ने बताया कि बी-प्रमाण पत्र की पात्रता के लिए एनएसएस में ग्रामीण अंचल में सात दिवसीय विशेष शिविर में सहभागिता करना और 2 वर्ष में कुल 240 घण्टे नियमित गतिविधियों में कार्य करना सभी स्वयंसेवकों के लिए अनिवार्य होता है। निर्धारित मापदंड पूरा करने वाले स्वयंसेवकों के लिए यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई। साक्षात्कार के दौरान स्वयंसेवकों के द्वारा कोरोना योद्धा के रूप में किए गए नि:शुल्क मास्क एवं राशन वितरण कार्य, रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण जागरूकता कार्य, यूनिसेफ की ब्लू ब्रिगेड के अंतर्गत बच्चों और वृद्ध जनों को दी गई नि:शुल्क प्राथमिक शिक्षा, सुकन्या समृद्धि योजना के अंतर्गत पोस्ट ऑफिस में खाते खुलवाने हेतु ग्रामवासियों को प्रेरित करना, पोषण अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन, गंदगी मुक्त भारत अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, फिट इंडिया कार्यक्रम, रोड सेफ्टी कार्यक्रम आदि किए गए विभिन्न कार्यों की जानकारी प्रदान की गई.



प्राचार्य प्रो. बी. एल काशी ने कोविड महामारी के इस दौर में सुरक्षा के साथ सेवा कार्य की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना में सीखे हुए अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में उतारने और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच निरंतर जागरूकता का कार्य करने के लिए प्रेरित किया । इस बी-प्रमाण पत्र परीक्षा में स्वयंसेवक अशफाक खान, प्रशांत साहू, अमित कुमार खाण्डे, अजय मानिकपुरी, अखिलेश विश्वकर्मा, विजेन्द्र, कलेश, दीपक मिश्रा, तिलेश्वर प्रताप, दिलीप, भागवत, विजय दास, दीपक कुमार, संजय मरकाम, अमित श्रीवास, हेमंत, प्रियंका नापित, राधिका, शहनाज बानो, प्रियंका जायसवाल, रितु सोनी, प्रतिभा, प्रगति, अर्चना, मायावती, पूजा, चन्द्रप्रभा एवं उषा शर्मा सम्मिलित हुए.

**DATE : 20.05.2021**

**AWARENESS PROGRAMME ON 100% COVID VACCINATION**

**(शत प्रतिशत टीकाकरण अभियान कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम)**



# कोरोना संक्रमण निपटने ग्रामवासियों की सहभागिता और जागरूकता आवश्यक - प्रो. जैन

बिलासपुर(अमर छत्तीसगढ़) कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए जहां सारे देश में कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है, वहीं वैक्सीन लगवाने को लेकर कुछ लोगों के मन में अभी भी डर एवं संशय कायम है। वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।



कार्यक्रम अधिकारी शितेष जैन एवं स्वयंसेवकों के द्वारा स्वयं वैक्सीन लगवाकर तथा ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया जा रहा है। स्वयंसेवकों के द्वारा मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग आदि विभिन्न उपायों के साथ ही ग्रामवासियों में वैक्सीनेशन को लेकर फैली विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने हेतु बताया गया कि वैक्सीनेशन का कोई साइड इफेक्ट नहीं है. वैक्सीनेशन होने से शरीर के अंदर एंटीबॉडी बनना शुरू हो जाती हैं और इन्फेक्शन कम हो जाता है, जिससे मृत्यु की संभावना नहीं होती है। इसके साथ ही स्वयंसेवकों के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देश एवं सी.जी. टीका पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई।

प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने कोरोना को लेकर ग्रामवासियों से किसी के भी बहकावे में न आकर वैक्सीन अवश्य लगवाने की अपील की । इस कोविड जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के स्वयंसेवक सुहानी, आदित्य जायसवाल, मोहन, प्रगति अग्रहरि, उषा शर्मा, जाह्नवी अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सुमन, प्रगति गुप्ता, मनीष, लक्ष्मीकांत साहू, अनीशा, प्रशांत साहू, खुशी गुप्ता, नवांशी, एवं अमन सिंह की सराहनीय भूमिका रही ।

**अमर छत्तीसगढ़** 22.05.2021

नई दुनिया 22.05.2021

**समझाइश** **कालेज के स्वयंसेवक चला रहे हैं टीकाकरण जागरूकता अभियान**

# कोरोना को खत्म करने में लोगों की सहभागिता जरूरी

**करगीरोड-कोटा(नईदुनिया न्यूज)।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के दौरान संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए जहां सारे देश में टीकाकरण किया जा रहा है। वहीं टीका लगवाने को लेकर कुछ लोगों के मन में अभी भी डर एवं संशय कायम है।

टीका को लेकर फैले भ्रम को लोगों के मन से दूर करके उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से संबद्ध शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा शत-प्रतिशत टीकाकरण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत पीओ शितेष जैन



टीका लगवाता स्वयंसेवक • नईदुनिया

एवं स्वयंसेवकों के द्वारा स्वयं वैक्सीन लगवाकर तथा ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में जाकर लोगों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक किया जा रहा है। पीओ जैन ने बताया कि भारत से कोरोना को समाप्त करने केलिए शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामवासियों की शत-प्रतिशत सहभागिता और जागरूकता अति आवश्यक है। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों के द्वारा मास्क और दो गज की दूरी आदि विभिन्न उपायों के साथ ही ग्रामवासियों में टीका के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्हें बताया गया कि टीका का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। टीका होने से शरीर के अंदर एंटीबाडी बनना शुरू हो जाती हैं और इन्फेक्शन कम हो जाता है। इससे मृत्यु की संभावना नहीं होती है इसके साथ ही स्वयंसेवकों के द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के दिशा-निर्देश एवं सीजी टीका पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य प्रो. बी. एल. काशी ने कोरोना को लेकर ग्रामवासियों को जागरूक किया।

## दगोरी में 310 लोगों ने लगवाया टीका


**दगोरी( नईदुनिया न्यूज )।** दगोरी में 310 लोगों ने टीका लगवाया। इस अवसर पर तहसीलदार कृष्ण कुमार जायसवाल, सीईओ ओम वर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डा. शुभा गढ़ेवाल, मेडिकल आफिसर डा. श्रीमती मंजूलता वर्मा के निर्देशन में टीकाकरण अभियान का निरीक्षण कया। इस अवसर पर सहयोग सहायक चिकित्साधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, उपयंत्री अमित परिहार, तकनीकी सहायक मिथिलेश घृतलहरे, पटवारी ओमप्रकाश भरद्वाज, पवन चौबे, सचिव तिरिथराम, बलराम सेन, लुखान भंडारी, चंद्रावली अन्य उपस्थित रहे।

**DATE : 24.05.2021**

**COVID-19 AWARENESS PROGRAMME**

**<u>(कोविड-19 जागरूकता कार्यक्रम)</u>**




(Shitesh Jain)
Programme Officer, NSS
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)

(B. L. Kashi)
Principal
Govt. Niranjan Kesharwani College Kota
Dist.-Bilaspur (C.G.)